@SHAJAHANPURPOL

प्रेस नोट-सराहनीय कार्य 06.09.2023

थाना जलालाबाद पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

लूट की योजना बनाते हुए 02 शातिर अभियुक्तगणों को पुलिस मुठभेड के दौरान किया गिरफ्तार, जिनके कब्जे से 02 अदद तमंचे 315 बोर व 12 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315/12 बोर व 02 अदद मिस कारतूस 315/12 बोर व 01 झाला (पीली धातु) का व 01 कुण्डल (पीली धातु) व 02 अदद मोबाइल, एक अदद मोटर साईकल बरामद

श्री अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर के कुशल निर्देशन , श्री संजीव कुमार वाजपेयी, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) व श्री अजय कुमार राय क्षेत्राधिकारी जलालाबाद, जनपद शाहजहाँपुर के पर्यवेक्षण में एवं प्रभारी निरीक्षक प्रवीन सोलंकी थाना जलालाबाद के नेतृत्व में चलाये जा रहे अपराध रोकथाम जुर्म जरायम अभियान के दौरान दिनाँक 05.09.2023 को थाना जलालाबाद पुलिस को बड़ी कामयाबी हासिल हुई। थाना जलालाबाद पुलिस द्वारा रात्रि गश्त के दौरान समय करीब 23.30 बजे, निर्माधीन इमारत पुरैना बार्डर के पास से 02 अभियुक्तगण **(1). विवेक कुमार पुत्र लवकुमार निवासी रसेम थाना कांट जिला शाहजहांपुर व 2. विपल पुत्र रविन्द्र पाल निवासी पुरैना थाना जलालाबाद जिला शाहजहाँपुर** को लूट की योजना बनाते समय पुलिस मुठभेड के दौरान गिरफ्तार किया गया । अभियुक्तगणों के कब्जे से **02 अदद तमंचे 315 बोर व 12 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315/12 बोर व 02 अदद मिस कारतूस 315/12 बोर व 01 झाला (पीली धातु) का व 01 कुण्डल (पीली धातु) व 02 अदद मोबाइल बरामद, 01 अदद मोटर साईकिल बरामद हई** । अभियुक्तगणों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त गण का विवरण-

(1) विवेक कुमार पुत्र लवकुमार निवासी रसेम थाना कांट जिला शाहजहांपुर
(2) विपल पुत्र रविन्द्र पाल निवासी पुरैना थाना जलालाबाद जिला शाहजहाँपुर

पंजीकृत अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0 665/2023 धारा 398/401/307 IPC व 3/25 A.Act बनाम विवेक कुमार आदि 02 नफर

बरामदगी का विवरणः-

1. 01 तमंचा 315 बोर मय 01 कारतूस जिन्दा 315 बोर व 01 मिस कारतूस 315 बोर
2. 01 तमंचा 12 बोर मय 01 अदद कारतूस व 01 मिस कारतूस 12 बोर
3. 01 झाला सोने का
4. 01 कुण्डल सोने का
5. 01 मोटर साईकिल
6. 02 मोबाइल फोन

विवरण पूछताछ- अभियुक्तगणों ने पूछने पर बताया कि हम दोनों मिलकर बरेली मोड से जमुनिया के बीच छिनैती कर लेते है। जिस मोटर साईकिल पर महिला बैठी होती है उसके कुण्डल छीन लेते है। अब के करीब 03 माह पहले जमुनिया के पास शाम 07.00 बजे एक मोटर साईकिल सवार जिसके साथ एक महिला व एक बच्चा था उसके कानों से सोने के झाला छीन लिया था। उससे करीब 7-8 दिन पहले भारत पैट्रोल पम्प के पास से एक महिला और आदमी जा रहे थे, महिला के कान से कुण्डल छीन लिया था। इसी तरह 01 महीने पहले कांट रोड से एक महिला का पर्स छीन लिया था जिसमें 300/रुपये मिले थे। इसी तरह हम लोग शाम के समय बिना नम्बर की मोटर साईकिल से बरेली रोड तक जाते है और वहां से वापस आते है जो भी महिला वाइक पर सवार होती है उसका कुण्डल व सामान झपट्टा मारकर छीन लेते है। हमारे पास से जो एक कुण्डल व 01 झाला मिला है यह हमने ऐसे ही छीने है। आज भी हम लोग छिनैती के लिए इकट्ठा होकर योजना बना रहे थे तो हमें पुलिस ने घेर लिया। पकडे जाने से बचने के लिए जान से मारने की नियत से पुलिस पार्टी पर फायर किये थे। हम बचने के लिए तमंचे अपने पास रखते है। जिससे घिर जाने पर फायर करके भाग जाये। जो बिना नम्बर की मोटर साईकिल मिली है इसी मोटर साईकिल से छिनैती करते है। आज छिनैती करने के वाद जो माल जेवर मिलता है और जो माल जेवर पहले का था उसे बेचकर आपस में बांट लेते जिससे हमें अच्छा माल मिल जाता । इसी योजना के लिए हम इक्टठा हुए कि पुलिस ने पकड लिया ।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री प्रवीन सोलंकी थाना जलालाबाद जनपद शाहजहापुर
2. उ0नि0 श्री विमल सिंह थाना जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर
3. का0 1895 राहुल थाना जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर
4. का0 2762 मोहित थाना जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर
5. का0 2094 आकाश राठी थाना जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर
6. का0 1726 डिपेन्द्र थाना जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर